मीरजापुर पुलिस
—प्रेस नोट—

दिनांकः 02.01.2025

थाना मड़िहान पुलिस टीम द्वारा ₹ 15-15 हजार का ईनामिया 02 बदमाश/शातिर गो-तस्कर गिरफ्तार —

पुलिस अधीक्षक मीरजापुर अभिनन्दन' द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धरपकड़ तथा गो-तस्करी में संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही सहित इनामियां अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिया गया है।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन व क्षेत्राधिकारी आपरेशन के नेतृत्व में थाना मड़िहान पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। आज दिनांक 02.01.2025 को थाना मड़िहान पर पंजीकृत मु0अ0सं0-243/2024 धारा 3/5ए/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम से सम्बन्धित ₹ 15-15 हजार का ईनामियां वांछित 02 नफर अभियुक्तगण 1.हरिश्चन्द्र उर्फ हरिपाल सरोज पुत्र गुल्लू निवासी ग्राम दांती थाना मड़िहान जनपद मीरजापुर व 2. दयानन्द उर्फ देवपाल पुत्र गुल्लू निवासी दांती थाना मड़िहान जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही मा0न्यायालय/जेल भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण शातिर किस्म का बदमाश है जो गो-तस्करी का काम करते है। जिनके द्वारा आसपास के जंगल से छुट्टा गोवंशो को पकड़ कर तथा क्रय कर जंगल के रास्ते बिहार ले जाकर बेचा जाता है।

नाम पता पुलिस मुठभेड़ में घायल/गिरफ्तार अभियुक्त —

1.हरिश्चन्द्र उर्फ हरिपाल सरोज पुत्र गुल्लू निवासी ग्राम दांती थाना मड़िहान जनपद मीरजापुर।

2. दयानन्द उर्फ देवपाल पुत्र गुल्लू निवासी दांती थाना मड़िहान जनपद मीरजापुर।

आपराधिक इतिहास —

मु0अ0सं-243/2024 धारा-3/5A/8 गोवध अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम थाना मड़िहान जनपद मीरजापुर।

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम —

थानाध्यक्ष मड़िहान-प्रदीप कुमार सिंह मय पुलिस टीम थाना मड़िहान जनपद मीरजापुर।